धमतरी : साक्षात्कार के उपरांत होगी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति, फर्जी कॉल्स या मैसेज के झांसे में ना आएं अभ्यर्थी

16 जून 2022

सोशल मीडिया
इस लेख को शेयर करें

ऐसे मामलों में अभ्यर्थी तत्काल पुलिस में दर्ज कराएं शिकायत- सहायक आयुक्त

धमतरी 16 जून 2022

शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की भर्ती की जा रही है और इसे लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सहायक आयुक्त आदिवासी विक डॉ. रेशमा खान ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में से पात्र व अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले के पोर्टल पर जारी कर दावा आपात्ति आमंत्रित करने के पश्चात आपत्तियों का निराकरण किया गया तथा अंतिम सूची आधार पर रिक्त एक पद के अनुपात में 05 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया गया है, तत्संबंध में पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने आज 16 जून के अलावा 17, 18 व 20 जून को विषयवार आहूत किया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इस संबंध में विभिन्न समाचार-पत्रों के माध्यम से यह बात संज्ञान में आई है कि कतिपय लोगों के द्वारा पोर्टल में दिए गए अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबर पर सम्प नौकरी के लिए कथित तौर पर रिश्वत मांगकर अभ्यर्थियों से अवैध वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां तक कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के नाम से फर्जी हस्ताक्षरयुक्त नियुक्ति पत्र भी जारी किए का भी मामला संज्ञान में आया हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि इस प्रकार का कोई भी कॉल या मैसेज आने पर अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार का भुगतान न किया जाए तथा इनके विरूद्ध पुलिस में अपनी शिका दर्ज करवाई जाए। सहायक आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनके कार्यालय द्वारा कोई नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया है तथा इस प्रकार की मांग का चयन प्रक्रिया से कोई संबंध नहीं है। नियुक्ति की प्र वर्तमान में जारी है तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्र अभ्यर्थियों से नियमानुार साक्षात्कार लिए जा रहे हैं, जिसके पश्चात अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के सभी वांछित दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्याप शैक्षणिक सत्र के लिए नियुक्त किया जाएगा।

क्रमांक-92/337/सिन्हा

टैग:

इस लेख को प्रिंट करें